राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैसलमेर के पर्यटन स्थल गड़ीसर का अवलोकन किया

जयपुर, 30 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को जैसलमेर शहर स्थित गड़ीसर पर्यटन केंद्र का अवलोकन किया । राज्यपाल ने गड़ीसर तालाब के इर्द.गिर्द प्राचीन स्थलों ए प्रवेश द्वार तथा तालाब में जल राशि को निहारते हुए इसमें नौकायन को देखा तथा प्रसन्नता जाहिर की। राज्यपाल ने गड़ीसर के बारे में जानकारी ली और मरू भूमि के इस जल तीर्थ को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

—

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैसलमेर जिले के आकल वुड फॉसिल पार्क का अवलोकन किया

जयपुर, 30 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैसलमेर यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को जैसलमेर से 17 किलोमीटर दूर डेजर्ट नेशनल पार्क अंतर्गत आकल वुड फॉसिल पार्क का भ्रमण कर वहां करोड़ो साल पहले के फोसिल्स को देखा। उप वन संरक्षक डीएनपी कपिल चंद्रवाल ने प्राचीन फॉसिल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। ये जीवाश्म पहले पेड़ के रूप में थे जो अब फोसिल बन गए है। राज्यपाल की धर्मपत्नी एवम अन्य परिजनों ने भी फोसिल का अवलोकन किया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विभिन्न आकार प्रकारों के संरक्षित फॉसिल्स को देखा और इनके बारे में जानकारी हासिल की।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
जनसम्पर्क अधिकारी, राज्यपाल